# देश और प्रदेश की तरक्की के लिए भाजपा सरकार जरूरी : नायब सैनी

## बिप्लब कुमार देब के नामांकन में शामिल होने त्रिपुरा पहुंचे सीएम नायब सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल

तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को हरियाणा प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब के त्रिपुरा वेस्ट लोकसभा से नामांकन भरने के कार्यक्रम में शामिल होने त्रिपुरा पहुंचे।



नामांकन भरने से पहले बिप्लब कुमार देब के समर्थन में एकत्रित हुए लोगों के सामने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने त्रिपुरा और हरियाणा के संबंधों को भविष्य में और भी अधिक गहरे होने की बात कही। उन्होंने बिप्लब कुमार देब को जनसेवक बताते हुए लोगों से अपील की कि वे बिप्लब कुमार देब को ऐतिहासिक मतों से जीताकर लोकसभा में भेजें। बिप्लब कुमार देब ने भी हरियाणा से पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल, हरियाणा के चुनाव सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा सहित तमाम नेताओं का आभार भी व्यक्त किया। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डा. मानिक साह ने अगरतला स्थित मुख्यमंत्री आवास पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जनता में जोश भरते हुए जय श्रीराम, भारत माता की जय के नारे लगवाएं। उत्साहित लोगों ने भी भाजपा अबकी बार 400 पार के नारे लगाते हुए मोदी जिंदाबाद, बिप्लब कुमार देब जिंदाबाद के नारों से माहौल को भाजपामय बना दिया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य, देश और प्रदेश की तरक्की के लिए भाजपा सरकार जरूरी है, इसलिए सभी लोग कमल का बटन दबाकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का काम करें। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नॉर्थ ईस्ट के साथ हरियाणा के संबधों को बहुत ही बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की राह पर तेजी से आगे बढ़ा है। बिप्लब कुमार देब ने कहा कि नामांकन में उमड़ा जनसैलाब हर बूथ पर कमल खिलाने के दृढ़ संकल्प को साकार करने का प्रतिबिंब है।

### मोदी की गारंटी हरियाणा में जीतेंगे सभी 10 सीटें

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने त्रिपुरा के लोगों को हरियाणा की ओर से राम-राम बोलते हुए बिप्लब कुमार देब की प्रशंसा करते हुए कहा कि देब ने प्रदेश प्रभारी के रूप में हरियाणा की कमान भी बड़ी मजबूती से संभाली हुई है तथा प्रधानमंत्री मोदी को यह गारंटी दी है कि हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटें जीतेंगे। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि त्रिपुरा की दोनों सीटों पर भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक मतों से जीताकर संसद में भेजें।

# नारा हरियाणा एक हरियाणवी एक का, प्रदेश में भाजपा खेल रही जाति-पाती का खेल : जड़ौला

## नीरज ने कहा किसी भी पैंतरे में सफल नहीं होगी भाजपा

तेजयुग न्यूज/कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** एक तरफ भाजपा प्रदेश में हरियाणा एक हरियाणवी एक का नारा दे रही है तो वहीं दूसरी तरफ जातीय समीकरण साधकर टिकट बंटवारे में जाति-पाति का खेल भी खेल रही है, उपरोक्त शब्द पुण्डरी हलके के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व सरपंच नीरज कुमार जड़ौला ने कहे। उन्होंने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के साढे चार साल के कार्यकाल में और पूर्व में खट्टर सरकार के कार्यकाल में प्रत्येक वर्ग पर हुए अत्याचार को जनता भूली नहीं है।



जब पूरे देश में गठबंधन सरकार विफल साबित हुई और ओबीसी वोट बैंक खिसकता नजर आया तो भाजपा ने जातीय कार्ड खेलते हुए नायब सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया ताकि लोगों की सहानुभूति ली जा सके परंतु प्रदेश की जनता भाजपा के ऐसे पैंतरे को जानती है और किसी भी मनसूबे को कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का किसी भी तरीके से सत्ता हथियाने का पुराना नाता रहा है। उन्होंने कहा कि अपनी विफलता को छुपाने के लिए भाजपा ने खट्टर को सीएम पद से हटाने, मंत्रिमंडल में फेरबदल करने व गठबंधन तोड़ने का काम किया ताकि जनता की सहानुभूति प्राप्त की जा सके परंतु जनता अपने ऊपर हुए लाठी चार्ज और अत्याचारों को भूली नहीं है। नीरज कुमार जड़ौला ने कहा कि ऐसा कोई वर्ग नहीं जो इस गठबंधन सरकार से दुखी नहीं है।

पहले लंबे समय तक किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर लाठियां भांजने का काम किया गया, फिर ई-टेंडरिंग और विकास कार्यों में अधिकारियों की भूमिका अधिक होने का विरोध करने पर सरपंचों ने प्रदर्शन किया तो उन पर लाठीचार्ज करके उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया गया। कर्मचारियों के आंदोलन को दबाने का काम किया और बार-बार जख्म देकर उन पर मरहम लगाने का ढोंग किया। जड़ौला ने कहा कि अपनी मांगो को लेकर प्रदेश के जिस भी वर्ग ने आवाज उठाई उन सभी वर्गों की आवाज दबाने का काम भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने किया।

उन्होंने कहा कि साढ़े 4 साल युवाओं को रोजगार के नाम पर लाठियां और मामले दर्ज करके जेल में बंद करने वाली सरकार को चुनाव नजदीक आते ही रोजगार देने की सुध आई। नीरज जड़ौला ने कहा कि डी ग्रुप चपरासी जैसी भर्तियां में पढ़े-लिखे नौजवानों के साथ पारदर्शिता के नाम पर छलावा किया गया और बड़ी-बड़ी नौकरियों में अटैची भरकर मोटी रिश्वत का खेल सरकार द्वारा खेला गया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नीरज जड़ौला ने कहा कि अपनी असलियत जनता से छुपाने का सरकार ने प्रयास किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब कांग्रेस को पूर्ण बहुमत से सत्ता सौंपेगी क्योंकि सभी वर्गों के हित कांग्रेस में ही सुरक्षित हैं और बहन कुमारी शैलजा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी निरंतर मजबूत हो रही है।

# कुरूक्षेत्र लोकसभा से नवीन जिंदल भारी मतों से विजयी होंगें : डॉ. गणेश दत्त

## विपक्षी दलों में घबराहट, सुपड़ा साफ होगा



तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग

**लाडवा :** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व सुशासन विभाग के प्रदेश सदस्य डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशियों की जीत होगी और कुरूक्षेत्र लोकसभा से भी भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल भारी मतों से विजयी होंगें। पीएम नरेन्द्र मोदी की विकासशील नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की समग्र विकास योजनाओं से प्रदेश की जनता में भारी विश्वास और उत्साह बढ रहा है।

वे इलाके के गांव बरहाण में लोकसभा चुनाव प्रचार-प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत जनसंपर्क कर रहे थे। उन्होनें कहा कि कांग्रेस ने 60 साल तक गरीब मजदूर किसान की अनदेखी की जो अब उन्हें भारी पड रही है। हालत यह है कि चुनाव सिर पर हैं और उन्हें प्रत्याशियों का चयन करने में भी पसीने छूट रहे हैं। कोई भी कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के गठबंधन का टिकट लेने को तैयार नहीं हैं। उन्होनें आह्वान किया कि पीएम मोदी के दस साल के कार्यकाल में दुनिया में भारत का नाम रोशन हुआ। देश पांचवी आर्थिक शक्ति बना। सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई। आयुष्मान भारत योजना से गरीब व्यक्ति अपना इलाज करवा सकता है और उसे अब अपना घर, मकान, दुकान बेचने की जरूरत नहीं हैं। हर घर में शौचालय, हर घर के नल में जल उपलब्ध कराने के साथ-साथ हर गरीब जरूरतमंद के सिर पर छत मुहैया कराई गई है।

जिस से लोगों में पीएम मोदी की व प्रदेश सरकार की नीतियों के प्रति विश्वास कायम हुआ है और वे भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने का मन बना चुके हैं। उन्होनें कहा कि कांग्रेस की कुनीतियों के कारण पूरे देश में कांग्रेस विरोधी लहर बनी है जिससे घमंडिया गठबंधन चंद दिनों का मेहमान हैं। इस अवसर पर ओम प्रकाश शर्मा, राजेश, जय किशन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# वैदिक नववर्ष पर सभी अपने अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर लगाएं ओम ध्वज : कंवरजीत

## कहा, संवत्सर पूजा करने से होता है समस्त पापों का नाश

तेजयुग न्यूज/कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवसंवत्सर का आरंभ होता है, इसी तिथि से पितामह ब्रह्मा ने सृष्टि निर्माण प्रारंभ किया था। धार्मिक शास्त्रों में यह अत्यंत पवित्र तिथि मानी गई है, उपरोक्त विचार प्रसिद्ध समाजसेवी कंवरजीत वालिया ने बातचीत में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस बार 9 अप्रैल 2024 को वैदिक नववर्ष है।



इस दिन प्रातः नित्य कर्म करने के बाद तेल का उबटन लगाकर स्नान आदि से शुद्ध एवं पवित्र होकर हाथ में गंध, अक्षत, पुष्प और जल लेकर देश काल के उच्चारण के साथ सुख समृद्धि प्राप्त होती है। ऐसा संकल्प कर नई बनी हुई चौरस चौकी या बालू की वेदी पर स्वच्छ श्वेतवस्त्र बिछाकर उस पर हल्दी या केसर से रंगे अक्षत से अष्टदल कमल बनाकर उस पर ब्रह्माजी की सुवर्णमूर्ति स्थापित करें।गणेशाम्बिका पूजन के पश्चात 'ब्रह्मणे नमः' मंत्र से ब्रह्माजी का आवाहनादि षोडशोपचार पूजन करें। पूजन के अनन्तर विघ्नों के नाश और वर्ष के कल्याण कारक तथा शुभ होने के लिए ब्रह्माजी से विनम्र प्रार्थना की जाती है। पूजन के पश्चात विविध प्रकार के उत्तम और सात्विक पदार्थों से ब्राह्माणों को भोजन कराने के बाद ही स्वयं भोजन करना चाहिए। उन्होंने सभी सनातनियों से आह्वान करते हुए इस दिन अपने-अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर ओम ध्वज लगाने का आह्वान किया। वालिया ने इसे दुकानों से खरीदने के साथ-साथ और अपने निकटतम आर्य समाज मंदिर से प्राप्त करने का आग्रह किया।

हरियाणा सरकार में सरस्वती धरोहर बोर्ड के सदस्य कंवरजीत वालिया ने कहा कि इस दिन नया वस्त्र धारण करना चाहिए तथा घर को ध्वज, पताका, बंधनवार आदि से सजाना चाहिए। इस दिन नवरात्रि के लिए घटस्थापना और तिलक व्रत भी किया जाता है। इस व्रत में यथासंभव नदी, सरोवर अथवा घर पर स्नान करके संवत्सर की मूर्ति बनाकर उसका 'चैत्राय नमः', 'वसन्ताय नमः' आदि नाम मंत्रों से पूजन करना चाहिए। इसके बाद पूजन अर्चन करना चाहिए।विद्वानों तथा कलश स्थापना कर शक्ति आराधना का क्रम प्रारंभ कर नवमी को व्रत का पारायण कर शुभ कामनाओं का फल प्राप्ति हेतु मां जगदम्बा से प्रार्थना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संवत्सर पूजा करने से समस्त पापों का नाश होता है। आयु में वृद्धि होती है, सौभाग्य बढ़ता है एवं शांति प्राप्त होती है।

# संगरूर नकली शराब' मामले की जांच के लिए पंजाब पुलिस का गठन

**चंडीगढ़ :** संगरूर नकली शराब केस के पीछे काम करते समूचे गठजोड़ का पर्दाफाश करने के लिए, पंजाब पुलिस ने शनिवार को इस केस में पेशेवर और वैज्ञानिक ढंग के साथ अगली-पिछली कड़ियों की विधिवत पड़ताल और छानबीन करने के मद्देनज़र एक चार सदस्यीय विशेष जांच टीम ( एस. आई. टी. ) का गठन किया है। चार सदस्यीय विशेष जांच टीम ( एस. आई. टी. ) का नेतृत्व एडीजीपी लॉ एंड आर्डर गुरिन्दर सिंह ढिल्लों कर रहे हैं, जबकि डी. आई. जी. पटियाला रेंज हरचरन सिंह भुल्लर, एस. एस. पी. संगरूर सरताज चाहल और अतिरिक्त कमिशनर नरेश दुबे इसके मैंबर हैं। ज़िला संगरूर की पुलिस ने थाना दिढ़बा के क्षेत्र में नकली शराब बेचने वाले आठ मुलजिमों को पहले ही गिरफ़्तार करके उनके कब्ज़े से बड़ी मात्रा में नकली शराब पकड़ी है।

# किसानों को जानबूझकर प्राइवेट एजेंसियों के हवाले कर रही है सरकार : हुड्डा

तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार जानबूझकर किसानों को घाटे में धकेल रही है। बार-बार मांग के बावजूद सरकार द्वारा सरसों की खरीद शुरू नहीं की गई। इक्का-दुक्का जगह पर जहां सरकारी एजेंसी पहुंची हैं, वहां भी नमी का बहाना बनाकर खरीद करने से इनकार किया जा रहा है। इसके चलते प्राइवेट एजेंसी औने पौने दाम पर खरीद कर रही हैं। जिसके कारण किसानों को मजबूरी में एमएसपी से 900-1000 रुपये कम रेट पर अपनी फसल बेचनी पड़ रही है।

हुड्डा ने कहा कि हफ्तेभर से मंडियों में सरसों की आवक जारी है। बावजूद इसके सरकार ने देरी से खरीद का ऐलान किया। अपने ऐलान के मुताबिक भी सरकार खरीद नहीं कर पा रही है। इतना ही नहीं एक बार फिर किसानों को 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल के हवाले कर दिया गया है। पार्टल पर 9.25 लाख किसानों ने 61.45 लाख एकड़ का पंजीकरण करवाया था। लेकिन इसमें से 10.40 लाख एकड़ रकबे का रिकॉर्ड मिसमैच पाया गया। जब तक यह पूरा रिकॉर्ड ठीक नहीं होता, तबतक किसान अपनी फसल नहीं बेच पाएंगे। यानी सरकार की गलती का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ेगा। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एकबार फिर सरकार से जल्द सरसों की सुचारू खरीद शुरू करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने गेहूं की आवक के लिए भी पहले से ही तमाम तैयारियों को पूरा करने की मांग उठाई है। हुड्डा ने बताया कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान सरकार फसलों के मंडी में आते ही फौरन खरीद शुरू कर देती थी।

# शिक्षकों की लेटलतीफी से अटकी विद्यार्थियों की छात्रावृत्ति

तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़।** शिक्षकों की लेटलतीफी के चलते और डाटा अपडेट की गति धीमी होने के कारण पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति और प्रोत्साहन राशि अटक गई है। मौलिक शिक्षा महानिदेशक ने डाटा अपडेट न करने पर नाराजगी जताते हुए राज्य के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को 29 मार्च तक वन स्कूल एप पोर्टल पर डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। वर्ष 2023-24 के लिए मासिक स्कीमों के अंतर्गत विद्यार्थियों को उपस्थिति के आधार पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि मुहैया करवाई जाती है। पहली से आठवीं कक्षा तक की त्रैमासिक स्कूलों के तहत 8 फरवरी, पाच मार्च और 13 मार्च को निदेशालय की ओर से पत्र लिखकर द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ तिमाही के लिए विद्यार्थियों का पूर्ण डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए गए थे। मगर अभी तक स्कूल मुखियाओं द्वारा डाटा अपडेट नहीं किया गया है, जिसके चलते विद्यार्थियों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि अटकी गई है। लिहाजा मौलिक शिक्षा महानिदेशक ने स्कूल मुखियाओं की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए 29 मार्च तक वन स्कूल पोर्टल पर डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। यदि निर्धारित अवधि के भीतर डाटा अपडेट न करने होने पर स्कूल मुखिया और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होंगे।

# संत निश्चल में धूमधाम से मनाया स्कॉलर्स डे

तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग

**लाडवा :** लाडवा के संत निश्चल सिंह पब्लिक स्कूल में स्कॉलर्स द डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सीनियर बीजेपी नेता डॉक्टर गणेश दत्त शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रोग्राम की शुरुआत मुख्य अतिथि व स्कूल प्रिंसिपल अमरजीत कौर संधू ने दीप प्रज्वलित करके की। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम सरस्वती वंदना व पंजाबी गिद्दे का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने अभिभावकों का मन मोह लिया।




स्कूल प्रिंसिपल अमरजीत कौर संधू ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि स्कॉलर्स डे के अवसर पर डॉक्टर गणेश दत्त शर्मा की उपस्थिति स्कूल के लिए गौरव का क्षण है। सामाजिक गतिविधियों में उनका योगदान अकथनीय है। उन्होंने स्कूल की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्कूल ने पिछले 25 वर्षों में बुलंदियों को छुआ है , इस वर्ष क्रिकेट अकादमी में बॉलिंग मशीन की शुरुआत की गई है। शैक्षणिक क्षेत्र में भी स्कूल ने जिला व रा'य स्तर पर पहचान बनाई है। मुख्य अतिथि ने मेधावी छात्र व छात्राओं को बैज लगाकर तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में कहा कि इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि आना उनके लिए आनंद का क्षण है। उन्होंने अभिभावकों को तथा छात्र-छात्राओं को उनकी उपलब्धियां पर बधाई दी तथा कहा कि स्मृति चिन्ह न केवल उनकी मेहनत का फल है अपितु इसे पाकर उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है ताकि वह भविष्य में भी इस पोजीशन को कायम रख सके। उन्होंने ब'चों को सभ्य नागरिक बनने की प्रेरणा दी। स्कूल प्रचार्या अमरजीत कौर संधू व स्कूल स्टाफ की सराहना की। उन्होंने स्कूल चेयरमैन डॉक्टर वरयाम सिंह व मैनेजिंग ट्रस्टी डॉक्टर रनमीत बत्रा के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए लाडवा में आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने पर आभार जताया।

# लाखों की ठगी करने वाले 6 अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरफ्तार

## इंस्टाग्राम, टेलीग्राम के माध्यम से करते थे ठगी, फ़र्ज़ी अकाउंट में पैसा भेजकर निकालते थे कैश

तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़।** प्रदेश के नोडल साइबर थाने ने अलग-अलग मामलों की जांच करते हुए 6 लोगों को साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तार किया है। ठगी करने वाले आरोपी अक्सर अलग अलग तरीकों का इस्तेमाल करते हुए ठगी कर रहे थे। जांच में सामने आया कि साइबर ठग, ठगी करने के बाद, ठगी की रकम को अन्य फ़र्ज़ी खातों में भेज रहे थे और वहां से कैश निकलवा रहे थे।

नोडल साइबर थाना पंचकूला ने कार्रवाई करते हुए 4 साइबर ठगों को राजस्थान से गिरफ्तार किया है वहीं अन्य दो आरोपियों में से एक आरोपी को मेवात व एक आरोपी को जींद से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि ठग सोशल मिडिया पर अकाउंट बनाकर लोगों को अलग अलग तरीके से लालच दे रहे थे और ब्लैकमेल कर रहे थे। जब इनकी शिकायत साइबर नोडल थाने में पहुंची तो पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है और संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**कभी फेक वीडियो बनाकर तो कभी फौजी अफसर बनकर कर रहे थे ठगी :** राजस्थान से गिरफ्तार साइबर ठग कभी अश्लील वीडियो बनाकर तो कभी खुद को फौजी बताकर ठगी करते है। साइबर नोडल थाने को पंचकूला निवासी पीड़ित ने शिकायत देते हुए बताया था कि उसके पास कॉल आई जिसमें ठग ने खुद को आर्मी अफसर बताया और आर्मी कैंट में योग शिक्षक के तौर पर नौकरी ज्वाइन करने को कहा। साइबर ठग ने एडवांस पेमेंट देने के बहाने गूगल पे आईडी लेकर पीड़ित के साथ 1,99,996 रुपए की ठगी की। जब पीड़ित के खाते में रूपए आने के बजाय, खाते से निकल गए, तब पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। शिकायत मिलने पर साइबर नोडल थाने ने तुरंत शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मेवात से साइबर ठग को गिरफ्तार किया। वहीं एक अन्य शिकायत में पंचकूला निवासी पीड़ित ने शिकायत दी कि उसके दोस्त के बेटे के साथ अश्लील वीडियो बनाकर और ब्लैकमेल कर 51000 रूपए की ठगी की गई है । एक अन्य शिकायत में इंस्टाग्राम आईडी बनाकर बाइक बेचने और कुरियर करने के लिए पीड़ित को बातों में उलझा कर उससे तक़रीबन 90000 रुपये की ठगी को अंजाम दिया गया।



### टेलीग्राम टास्क और इंटरनेट पर अधिकारी बनकर सामान बेचने वालों से रहे सावधान : एडीजीपी साइबर

प्रदेश में साइबर की कमान संभाल रहे एडीजीपी साइबर ओ. पी. सिंह , आईपीएस ने बताया कि आम जनता को साइबर ठगी के नए नए तरीकों के बारे में जागरूक होने की ज़रूरत है। साइबर ठग अक्सर सोशल मिडिया पर अकाउंट बनाकर ठगी को अंजाम दे रहे है। कभी टेलीग्राम पर टास्क करने पर पैसे देने का लालच देते है तो कभी इंटरनेट पर फौजी बनकर कम रेट पर बाइक या गाडी बेचने का लालच देते है। इसके अलावा फौजी बनकर नौकरी के प्रलोभन से भी सावधान रहने की ज़रूरत है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में प्रतिदिन ठगी से पीड़ितों की रोज़ाना 1500 से अधिक कॉल आ रही है, जिसपर तुरंत कार्रवाई की जा रही है।

# सभी जिला निर्वाचन अधिकारी पोलिंग स्टेशनों के निरीक्षण का कार्य कल तक करें पूरा

तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़।** : हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सम्बंधित जिलों के पोलिंग स्टेशनो के निरीक्षण का कार्य कल तक पूरा कर लिया जाए। इसके अलावा, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को विभिन्न माध्यमों से अधिक से अधिक जागरूक करने का काम भी करें। मुख्य निवार्चन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने यह निर्देश आज यहां वीडियो कॉफ्रैंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों सह जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए।

अनुराग अग्रवाल ने कहा कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारी अपने संबधित जिलों में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित करें। इसके स्थापित होने से काफी फायदा मिलेगा। इसके अलावा, हर पोलिंग स्टेशन के बाहर कैमरे लगाए जाएं ताकि पोलिंग स्टेशनों की निगरानी रखी जा सके। इसके अतिरिक्त, हर पोलिंग स्टेशन के बाहर टोल फी नम्बर 1950, सीईओ और डीईओ कार्यालयों के टेलीफोन नम्बर लगाएं जाएं ताकि यदि मतदाताओं को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह तुरंत उसकी सूचना प्रशासन को दे सकें। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सभी पोलिंग स्टेशनों पर सेल्फी पॉइंट तैयार किए जाए। इसके अलावा, युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए अधिक से अधिक प्रेरित किया जाए। इसके साथ ही मतदान करने के बाद क्यूआर कोड को स्केन करके फोटो अपलोड करने के लिए भी प्रेरित करें।



अनुराग अग्रवाल ने निर्देश देते हुए कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को अधिक जागरूक करने के लिए ईसीआई और हरियाणा निर्वाचन कार्यालय द्वारा तैयार की गई वीडियो को स्थानीय केबल टीवी नेटवर्क के माध्यम से दिखाया जाए और ऑडियो को एफएम के माध्यम से प्रसारित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सम्बधित जिलों के सचिवालयों, सरकारी बिल्डिग, न्यायालय काम्पलेक्स की लिफ्टों के पास जागरूकता मतदान स्टीकर लगाया जाए। उन्होंने बताया कि सी विजिल एप पर 16 मार्च से अब तक 454 शिकायतें दर्ज की गई है, जिनमें से 329 सही पाई गई और इसमें से 147 शिकायतो का समाधान भी किया जा चुका है। उन्होनें अधिकारियो को यह निर्देश भी दिए कि आने वाली शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेकर निपटान किया जाए। इसके अलावा, फार्म 6 से सम्बंधित शेष कार्य को 26 अप्रैल तक पूरा कर लिया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन जिलों से जिला चुनाव प्रबंध प्लान की हार्ड कॉपी निवार्चन आयोग में जमा नहीं करवाई वह तुरंत प्लान की कॉपी जमा करवा दे। इसके अलावा, मतगणना केंद्रों का शत प्रतिशत फिजीकल वेरीफीकेशन कर ईसीआई को प्रस्ताव भेजा जाए।

अनुराग अग्रवाल ने निर्देश दिए कि संबंधित जिलों के सचिवालयों, सरकारी बिल्डिंग, न्यायालय काम्पलेक्स की लिफ्टों के पास जागरूकता मतदान स्टीकर लगाया जाए। सी विजिल एप पर 16 मार्च से अब तक 454 शिकायतें दर्ज की गई है, जिनमें से 329 सही पाई गई और इसमें से 147 शिकायतों का समाधान भी किया जा चुका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आने वाली शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेकर निपटान किया जाए।